# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक / 721 /ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 27/08/2021

## //अधिसूचना//

छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2021–22 के लिए जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के शिक्षण विभाग अन्तर्गत विभिन्न अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त संचालित **स्नातकोत्तर (एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. को छोड़कर), स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय विधि स्नातक पाठ्यक्रम)** के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल (वेब लिंक www.bvvjdpexam.in) पर दिनांक 28.08.2021 से प्रारंभ किया जा रहा है।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु **प्रथम चरण** में निम्नानुसार तिथि का निर्धारण किया जाता है :–

| क्र. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम चरण में विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं प्रवेश आवेदन करने तथा ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क भुगतान करने की प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि | दिनांक 28.08.2021 समय अपरान्ह 02.00 बजे से |
| 2 | प्रथम चरण में विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने तथा ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क भुगतान करने की प्रथम चरण की प्रक्रिया समाप्त होने की तिथि | दिनांक 10.09.2021 समय अपरान्ह 23.59 बजे तक |
| 3 | प्रथम चरण में किये गये ऑनलाईन पंजीयन एवं प्रवेश आवेदन उपरांत प्रवेश आवेदन में ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने की तिथि | दिनांक 28.08.2021 समय अपरान्ह 02.00 बजे से दिनांक 10.09.2021 तक |
| 4 | प्रथम चरण में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन कर सफलतापूर्वक आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची पोर्टल में लॉगिन कर M.S. Excel Format में डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 11.09.2021 समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से |
| 5 | प्रथम चरण में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन कर सफलतापूर्वक आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची का परीक्षण कर संबंधित पाठ्यक्रम/विषय के लिए निर्धारित सीट संख्या अनुसार मेरिट/चयन सूची जारी करने एवं सूचना पटल पर चस्पा करने/वेबसाईट पर अपलोड करने तथा मेरिट/चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदकों की सूची पोर्टल में प्रदर्शित करने हेतु **Add to Merit** करने एवं पंजीकृत मोबाईल नंबर पर पोर्टल के माध्यम से मेरिट की सूचना **SMS** के माध्यम से प्रेषित करने की तिथि | दिनांक 11.09.2021 तक |
| 6 | प्रथम चरण में प्रवेश हेतु संबंधित पाठ्यक्रम/विषय के लिए निर्धारित सीट संख्या अनुसार जारी की गई मेरिट/चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदकों के शैक्षणिक अभिलेखों की जॉच प्रवेश समिति से कराने उपरांत प्रवेश देने तथा प्रवेशित छात्रों की **User ID** को पोर्टल में लॉक करने की तिथि | दिनांक 15.09.2021 तक |

P.L.Ydv. Admission.2021-22/PG_15

27.8.2021

सत्र 2021—22 में विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में छात्र—छात्राओं के प्रवेश हेतु प्रति ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क (त्रुटि सुधार शुल्क सहित) राशि रू. रू. 75/— (पच्हत्तर रूपये) निर्धारित है। ऑनलाईन शुल्क भुगतान हेतु बैंक द्वारा लिए जाने वाले अन्य चार्जेस का भुगतान आवेदक को पृथक से करना होगा। किसी एक पाठ्यक्रम जैसे—एम.ए. हिन्दी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु एक बार ऑनलाईन पंजीयन तथा पंजीयन एवं आवेदन शुल्क का भुगतान कर एक से अधिक अध्ययनशाला/महाविद्यालय, जहॉ आवेदक छात्र/छात्रा द्वारा चयन किये गये पाठ्यक्रम/विषय संचालित होते हैं, का चयन कर सकते है। पृथक—पृथक पाठ्यक्रम में में प्रवेश हेतु पृथक—पृथक ऑनलाईन पंजीयन तथा पंजीयन एवं आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य, ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना, अध्ययनशाला/महाविद्यालय से संबंधित जानकारी, कार्यरत शिक्षकों की जानकारी, संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित एवं उपलब्ध सीट/छात्र संख्या, पाठ्यक्रम की अवधि (वर्ष/सेमेस्टर), प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता आदि का विवरण सहित अन्य सुसंगत जानकारी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की वेबसाईट एवं सूचना पटल पर प्रदर्शित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे। विश्वविद्यालय के पोर्टल में प्रवेश हेतु छात्र—छात्राओं के ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया हेतु विस्तृत निर्देश पृथक से जारी किया जा रहा है। पोर्टल पर अपलोड किये गये निर्देश का अवलोकन करने उपरांत ही प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने तथा शुल्क भुगतान करेंगे। ऑनलाईन आवेदन करने पश्चात् आवेदन, भुगतान की गई शुल्क का रसीद प्रिन्ट आउट कर रख लेवें। पंजीयन शुल्क का भुगतान करने पश्चात् पंजीयन शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

विश्वविद्यालय के संबंधित अध्ययनशाला/महाविद्यालय द्वारा जारी किये जाने वाले मेरिट सूची/चयन सूची में स्थान प्राप्त होने पर छात्र—छात्राओं को ऑनलाईन प्रवेश आवेदन, भुगतान की गई शुल्क का रसीद का प्रिन्ट आउट एवं समस्त अनिवार्य/आवश्यक दस्तावेज जैसे— कक्षा 10वीं, कक्षा 12वीं, स्नातक परीक्षा के समस्त वर्ष/भाग/सेमेस्टर की अंकसूची/संबंधित बोर्ड/मंडल द्वारा इंटरनेट पर जारी परीक्षा परिणाम की प्रति, यदि स्नातक परीक्षा के अतिरिक्त अन्य परीक्षा जैसे—स्नातकोत्तर, स्नातकोत्तर डिप्लोमा परीक्षा में सम्मिलित हुए हों तो उस परीक्षा के समस्त वर्ष/भाग/सेमेस्टर की अंकसूची, यदि स्नातक परीक्षा के अंतिम वर्ष/भाग/सेमेस्टर की मूल अंकसूची प्राप्त नहीं हुइ हो तो संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा अपने वेबसाईट/पोर्टल/ इंटरनेट पर जारी की गई परीक्षा परिणाम की प्रति (संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/संबंधित विश्वविद्यालय के कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक/उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय विभाग) द्वारा प्रमाणित), जाति प्रमाण—पत्र, निवास प्रमाण—पत्र, पहचान पत्र जैसे—आधार, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस आदि की छायाप्रति तथा नियमित परीक्षार्थी होने पर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा जारी स्थानातरंण प्रमाण—पत्र, चरित्र प्रमाण—पत्र, छत्तीसगढ़ के अन्य विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा या अन्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा को विश्वविद्यालय द्वारा जारी माईग्रेशन प्रमाण—पत्र की मूल प्रति प्रवेश के समय महाविद्यालय में प्रवेश समिति/प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

27.8.2021

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं अकादमिक कैलेण्डर तथा संबंधित पाठ्यक्रम के प्रचलित अध्यादेश के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगें। सत्र 2021–22 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा जारी पात्रता प्रमाण–पत्र के संबंध में निर्देश का पालन करना अनिवार्य होगा।

वर्तमान में कोविड–19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में उपरोक्तानुसार जानकारी प्राप्त करने हेतु छात्र–छात्राएँ एवं उनके परिजन/अभिभावक महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में आते हैं तो संबंधितों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव/रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु छ.ग.शासन एवं संबंधित जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना करना अनिवार्य होगा।

**(माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित)**

27/08/2021

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 722/ब.वि.वि./अका./2021 जगदलपुर, दिनांक 27/08/2021

प्रतिलिपि :–

01. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
02. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
03. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,ब्लॉक–सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
04. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
05. कलेक्टर, जिला–बस्तर/कोण्डागॉव/कांकेर/नारायणपुर/दन्तेवाड़ा/बीजापुर/सुकमा की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
06. प्राचार्य, संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। समस्त विभागाध्यक्ष अध्ययनशाला स्तर पर पाठ्यक्रमवार प्रवेश समिति का गठन करते हुए कुलसचिव को पृष्ठांकित करने का कष्ट करेंगे।
08. समस्त विभाग प्रमुख, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सम्पादक, स्थानीय/लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मिडिया ............... ............................................ की ओर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्रहित में इस अधिसूचना को समाचार/विज्ञप्ति के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करेंगे।

27.8.2021

सहायक कुलसचिव (अकादमिक)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)